प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 28.12.2025 (संध्या–1900 बजे)

## मुख्य समाचार

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु अपने तीन दिवसीय झारखंड दौरे पर रांची पहुंचीं, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला और गुमला में उनके दौरे को लेकर किए जा रहे कड़े इंतजाम।
2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – देश नई आशाओं और संकल्पों के साथ वर्ष 2026 में प्रवेश के लिए तैयार है। मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने युवाओं की भूमिका को बताया भारत की सबसे बड़ी ताकत।
3. राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथॉन के तहत 16 एनसीसी कैडेट्स को दिल्ली के लिए किया रवाना, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा – यह यात्रा झारखंड की वीर परंपरा को देशभर तक पहुंचाएगी।
4. बोकारो पुलिस ने चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए सात आरोपियों को किया गिरफ्तार, सोना–चांदी, नकद, इलेक्ट्रॉनिक सामान किया बरामद।

और

5. रांची में वीमेन्स हॉकी इंडिया लीग का आज से हुआ आगाज़, उद्घाटन मुकाबला रांची रॉयल्स और एसजी पाइपर्स दिल्ली के बीच।

***************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अब से कुछ देर पहले अपने झारखंड के तीन दिवसीय दौरे पर रांची पहुंची। वे रांची स्थित लोकभवन में रात्रि विश्राम करेंगी। इस दौरान आज रांची एयरपोर्ट से लोकभवन तक शाम चार बजे से ऑटो और ई–रिक्शा नहीं चले। और रात साढ़े आठ बजे तक इस रास्ते में पड़ने वाले 75 बाइलेन को भी बंद रखा जाएगा। अपने दौरे के क्रम में राष्ट्रपति पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला–खरसावां और गुमला जिले का दौरा करेंगी। गुमला जिले में 30 दिसंबर को होने वाले अंतरराज्यीय जन सांस्कृतिक समागम समारोह कार्तिक जतरा में राष्ट्रपति के आगमन को लेकर कार्यक्रम स्थल पर जिला उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित और पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमा की संयुक्त अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक हुई। बैठक में सुरक्षा, आवागमन, रूटलाइन, भीड़ नियंत्रण, अग्निशमन, स्वास्थ्य, संचार और आपातकालीन प्रबंधन सहित सभी तैयारियों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए।

***************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश नई आशाओं और नए संकल्पों के साथ 2026 में प्रवेश के लिए तैयार है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने आशा व्यक्त की है कि वर्ष 2026 विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगा। उन्होंने सभी को वर्ष 2026 की शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया बड़ी आशा के साथ भारत की ओर देख रही है और इसका सबसे बड़ा कारण युवा शक्ति है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि खेल के लिए भी वर्ष 2025 स्मरणीय रहा। श्री मोदी ने विश्व चैंपियनशिप में कई पदक जीतने वाले पैरा–एथलीटों की भी प्रंशसा की।

***************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बिरसा मुंडा स्मारक पार्क से वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथॉन के तहत 16 एनसीसी कैडेट्स को नई दिल्ली के लिए रवाना किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि झारखंड से शुरू होकर लगभग 1300 किलोमीटर की यह यात्रा राज्य की चेतना और वीर परंपरा को पूरे देश तक पहुँचाएगी।

वहीं केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष में यह साइक्लोथॉन 28 तारीख को एनसीसी रैली के दिन प्रधानमंत्री के संबोधन के साथ दिल्ली में संपन्न होगा।

***************

कोडरमा ज़िले में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के तहत कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा अलग–अलग ट्रेड यूनियन से जुड़े मजदूरों और कामगारों के लिए जागरूकता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय कार्यालय रांची से पहुंचे सहायक निदेशक अभिषेक कुमार ने निबंधन प्रक्रिया, मजदूरों के अधिकारों और ईएसआईसी की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक निबंधन कराने की अपील की। इस दौरान मजदूर नेताओं विनोद विश्वकर्मा और सोनिया देवी ने कहा कि ऐसे शिविरों से मजदूर और कामगार अपने हक और अधिकारों के प्रति जागरूक होंगे।

***************

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 141वां स्थापना दिवस चतरा जिला मुख्यालय स्थित कांग्रेस मैदान में मनाया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष चंद्रदेव गोप ने कांग्रेस की ऐतिहासिक भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश की वर्तमान स्थिति में जनता का भरोसा एक बार फिर कांग्रेस की ओर बढ़ रहा है।

वहीं लोहरदगा जिले में भी कांग्रेस के 140वें स्थापना दिवस को उत्साह के साथ मनाया गया और इस दौरान कांग्रेसजनों ने पार्टी के ऐतिहासिक संघर्षों को याद किया। विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों में आयोजित कार्यक्रमों में सांसद सुखदेव भगत और जिलाध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि कांग्रेस ने आज़ादी की लड़ाई से लेकर लोकतंत्र, संविधान और सामाजिक न्याय की रक्षा में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है।

***************

बोकारो पुलिस ने जिले के सात थाना क्षेत्रों में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले एक चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दो नाबालिग शामिल हैं। एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि आरोपियों की निशानदेही पर 90 ग्राम सोना, 5 किलो 300 ग्राम चांदी, 52 हजार रुपये नकद, दो बाइक, एलईडी टीवी, गैस कटर, लैपटॉप और इन्वर्टर सहित अन्य सामान बरामद किए गए हैं।

***************

देवघर जिले में रोहिणी रेल बाईपास 2026 तक चालू हो जाएगा। नए साल में लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

***************

रांची में आज से वीमेन्स हॉकी इंडिया लीग का आगाज़ हो रहा है, जिसमें 28 दिसंबर से 10 जनवरी तक चार टीमों की 56 खिलाड़ी मोराबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में अपना कौशल दिखाएंगी। उद्घाटन मुकाबला रांची रॉयल्स और एसजी पाइपर्स दिल्ली के बीच खेला जाएगा। झारखंड हॉकी संघ के कोषाध्यक्ष विजय शंकर सिंह ने बताया कि

14 दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में कुल 12 लीग मैच खेले जाएंगे और फाइनल मुकाबला 10 जनवरी को होगा।

********समाप्त*********